।।कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक,राजसमन्द(राज0)।।

क्रमांकः न–5( )राजस–फोर्स / 2024 / 7126 दिनांकः– 10-10-2024

प्रेस–नोट

पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति संख्या 3346 दिनांक 03.08.2023 एवं संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 3665 दिनांक 21.8.2023 के तहत जिला राजसमन्द में कानिस्टेबल सामान्य / कानि. चालक / कानि. घुडसवार के पद पर शारीरिक मापतौल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा (PST/PET) का आयोजन महाराणा भूपाल स्टेडियम उदयपुर में दिनांक 27.12.2023 से 30.12.2023 तक किया गया था, जिसमें सफल रहे कानिस्टेबल सामान्य / घुडसवार / चालक पद के अभ्यर्थियों की दिनांक 13.06.2024 से 14.06.2024 तक कम्प्युटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा आयोजित की गई थी, उक्त परीक्षा में कानिस्टेबल चालक (नोन टीएसपी) के पद पर भर्ती योग्य चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम राजस्थान पुलिस की वेब साईट www.police.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है, साथ ही इस कार्यालय एवं पुलिस लाईन राजसमन्द के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया गया है। परीक्षा परिणाम प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी इस कार्यालय की सूचना को अधिकृत माना जावेगा।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 3424 दिनांक 09.10.2024 में निर्देशानुसार कॉन्स्टेबल चालक के पद पर भर्ती योग्य चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु उनका मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन किया जाना है। अतः पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक 3346 दिनांक 03.08.2023 के बिन्दु संख्या 14 में वर्णितानुसार समस्त मूल प्रमाण–पत्र मय एक–एक स्वहस्ताक्षरित फोटो प्रति एवं 10 पासपोर्ट साईज के रंगीन फोटो के साथ दिनांक 16.10.2024 को प्रातः 07:00 बजे रिजर्व पुलिस लाईन, राजसमन्द में उपस्थित होना सुनिश्चित करे। इस संबंध में किसी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य किसी प्रकार का मानदेय देय नही होगा।

चयनित अभ्यर्थियों (कानि. चालक) की सूची जिला राजसमन्द(नोन टीएसपी)

S.N	ROLL NO.	NAME OF CANDIDATE	FATHER'S/HUSBAND NAME	GENDER	SELECTION
1	1032344	RAVINDRA SINGH	RANDHEER SINGH	MALE	OBC-1
2	1031990	SHALENDER KUMAR	RAI SINGH	MALE	GEN-1
3	1032794	AMAN KUMAR	RAM PRASAD	MALE	GEN-2
4	1033137	LIKAMA RAM	BHERA RAM	MALE	OBC-2
5	1031921	SUBHASH CHANDER	PRABHU RAM	MALE	OBC-3
6	1032529	MAHENDRA KUMAWAT	HARISH KUMAWAT	MALE	OBC-4
7	1032388	JITENDRA SHAKYAWAL	NEMI CHAND	MALE	SC-1
8	1031841	OM PRAKASH BAIRWA	GYAN CHAND BAIRWA	MALE	SC-2
9	1031718	DHANRAJ LILAR	BAKSHA RAM	MALE	SC-3
10	1031950	HANSRAJ MEENA	ROHITASH MEENA	MALE	ST-1
11	1031954	SANJAY KUMAR MEENA	GHANSHYAM MEENA	MALE	ST-2

नोटः– इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6873 दिनांक 04.10.2024 के द्वारा जारी प्रेस नोट में क्रम संख्या 31 पर अंकित रोल नम्बर 1032574 के स्थान पर 1032547 पढा जावे।

चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार मूल दस्तावेज साथ में लेकर उपस्थिति होगें।

1. समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र
2. जाति प्रमाण पत्र
3. मूल निवास प्रमाण पत्र
4. जन्म तिथि प्रमाण पत्र
5. अंतिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र एवं दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (6 माह से पुराना नही हो तथा रिश्तेदार द्वारा जारी नही हो)
6. विवाह पंजियन प्रमाण पत्र,
7. दो फोटो पहचान पत्र
8. आर्थिक पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र (वर्ष 2022–23 की आय के आधार पर जारी हो)
9. विशेष योग्यता प्रमाण पत्र (एनसीसी, होमगार्ड, डिप्लोमा इत्यादि)
10. दहेज नही लेने संबंधी शपथ पत्र
11. दिनांक 01.06.2002 के बाद दो से अधिक जीवित संतान नही होने संबंधी शपथ पत्र
12. एक से अधिक जीवित पत्नी नही होने संबंधी शपथ पत्र
13. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही होने या सजायाफता नही होने संबंधी शपथ पत्र
14. धुम्रपान/तम्बाकू सेवन नही करने का शपथ पत्र
15. 10 पासपोर्ट साईज के नवीनतम रंगीन फोटो
16. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एनओसी/डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/पेंशनर प्रमाण पत्र
17. यदि अभ्यर्थी राज्य कर्मचारी है तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र एवं विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र
18. कानि. चालक पद के अभ्यर्थियों हेतु स्थाई मूल ड्राईविंग लाईसेन्स जो विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से कम` क 01 वर्ष पूर्व का जारी हो।

10.10.2024

(मनीष त्रिपाठी)
जिला पुलिस अधीक्षक
राजसमन्द

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ

1.अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर।
2.महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज उदयपुर।
3.समस्त जिला पुलिस अधीक्षक मय जीआरपी अजमेर/जोधपुर।

प्रतिलिपी :– सूचनार्थ/पालनार्थ

1.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजसमन्द।
2.समस्त वृताधिकारी/थानाधिकारी जिला राजसमन्द अपने–अपने क्षेत्र में प्रसारित/प्रचारित करावे।
3.संचित निरीक्षक पुलिस लाईन राजसमन्द परिणाम को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करे।
4.जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजसमन्द को प्रेषित कर लेख है कि इस प्रेस नोट को समस्त प्रादेशिक/स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का श्रम करावे।
5.प्रभारी कम्प्यूटर शाखा कार्यालय हाजा पास भेजकर लेख है कि तत्काल चयनित अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
6.नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

जिला पुलिस अधीक्षक
राजसमन्द